# 2 करोड़ 27 लाख की ठगी के आरोपी रिमांड पर

## पूछताछ में ठगों ने नए नाम के साथ उगले राज, दिल्ली-मुंबई में भी दबिश की तैयारी

**जबलपुर, 20 मार्च. शेयर बाजार में निवेश पर 500 प्रतिशत मुनाफे का लालच देकर शहर की एक महिला से 2 करोड़ 27 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस रिमांड में लेकर सघन पूछताछ कर रही है,**

जिसमें ठगी नेटवर्क से जुड़े आरोपियों ने नए राज उगले है। इसके साथ नए नाम भी पुलिस को बताये है जो दिल्ली-मुंबई निवासी है.

जिसकी तफ्तीश चल रही है यहां भी टीमें दबिश देने की तैयारी में है। अब तक की जांच में यह




बात भी सामने आई है कि ठगी का मकडज़ाल सोशल मीडिया के टेलीग्राम के जरिए फैलाया गया था और इसके तार विदेश तक जुड़े हुए है. आरोपियों ने बताया कि वे फर्जी कंपनियां बनाकर उनके नाम से करेंट अकाउंट खुलवाते थे। इन्हीं खातों का उपयोग साइबर फ्रॉड की रकम को इधर-उधर करते थे। पूछताछ में आरोपियों द्वारा और भी राज उगलने की संभावना है। आज रिमांड खत्म होने पर तीनों को पुन: न्यायालय पेश किया जायेगा.

विदित हो कि साइबर ठगों ने शहर में महिला को अपने जाल में फंसाने के लिए लुभावने वादे किए थे। आरोपियों ने दावा किया था कि शेयर बाजार में निवेश करने पर प्रतिदिन 5 का रिटर्न और दीर्घकालिक निवेश पर 500 प्रतिशत तक का मुनाफा मिलेगा.

### बीईओ कार्यालय में 1.11 करोड़ का घोटाला

**जबलपुर.** पनागर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय में पदस्थ अफसरों ने घोटाला करते हुए सरकारी खजाने में सोंध लगाते हुए 1,11,45,914 रुपये की सेंध लगाते हुए गबन किया। पनागर पुलिस ने मामले में 6 अफसरों समेत आठ के खिलाफ षड्यंत्र और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सुश्री सोनम कटारे (29) निवासी अमखेरा रोड ड्रीम सिटी गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे सहायक संचालक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पनागर के पद पर पदस्थ है। कार्यालय आयुक्त कोष एवं लेखा मप्र के द्वारा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पनागर जिला जबलपुर में सत्र 2018-2019 से 2024-2025 तक हुए कपटपूर्ण भुगतान के सबंध में डाटा विश्लेषण दर्शित होने पर कलेक्टर को जाँच के लिए पत्र लिखा गया था। मामले में जांच के लिए कार्यालय सम्भागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा जबलपुर संभाग जबलपुर के द्वारा 9 सदस्यीय अधिकारियों की टीम का गठन किया गया था.

# नवचंडी मेले में लगी भीषण आग

## खंडवा में लाखों का सामान खाक, कचरे से उठी चिंगारी बनी कारण



**खंडवा. 20 मार्च. खंडवा के प्रसिद्ध नवचंडी मेला में शुक्रवार सुबह अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। इस अग्निकांड में दुकानदारों का लाखों रुपये का सामान जलकर खाक होने का अनुमान है.**

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, मेले परिसर में पड़े कचरे के ढेर से निकली चिंगारी ने आग पकड़ ली, जो देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर आसपास की दुकानों तक फैल गई। आग की लपटों ने कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे भारी नुकसान हुआ।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और दुकानदार मौके पर पहुंच गए। वहीं दमकल विभाग की गाड़ियां भी तुरंत पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि सुबह का समय होने के कारण मेले में भीड़ कम थी, जिससे किसी जनहानि की खबर नहीं है। गौरतलब है कि करीब एक महीने तक चलने वाला यह मेला अपने अंतिम चरण में था। समापन से ठीक पहले हुई इस घटना से दुकानदारों को बड़ा आर्थिक झटका लगा है.

## एक नजर में

### कलेक्टर ने दिए 68 लाख जमा करने के आदेश

**मऊगंज.** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने स्वीकृत क्षेत्र के बाहर बोल्डर पत्थर का उत्खनन किए जाने पर एक करोड़ 68 लाख एक हजार रुपए का अर्थशास्ति एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि जमा करने का आदेश दिया है. सोनभद्र उत्तरप्रदेश के ओबरा निवासी आशीष कुमार सिंह को ग्राम सरदमन तहसील हनुमना में स्वीकृत क्रेशर आधारित पत्थर को स्वीकृत क्षेत्र से बाहर उत्खनित किए जाने पर 84 लाख रुपए की अर्थशास्ति राशि एवं 84 लाख रुपए की पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि व एक हजार रुपए प्रशमन राशि को 15 दिवस में जमा करने का आदेश दिया है. समय तक राशि जमा न करने पर वसूली की कार्यवाही भू राजस्व संहिता के उपबंधों के की जाएगी.

### भिंड में बादल छाए बारिश के आसार

**भिंड.** भिंड में अचानक मौसम बदला है. बादल छाए हुए हैं और बारिश के आसार हैं. ठंडी हवाओं की वजह से पारा 6 डिग्री लुढ़क गया है जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है क्योंकि खेतों में फसल पकी हुई खड़ी है. भिंड जिले में पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ रहे तापमान के बीच आज मौसम ने अचानक करवट ले ली है. बीते दिन की तुलना में अधिकतम तापमान में करीब 6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे वातावरण में ठंडक घुल गई है और लोगों को गर्मी से राहत भी मिली है.

# एयरपोर्ट पर टर्मिनल का 24 को लोकार्पण



**इंदौर, 20 मार्च.** देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर नवीनीकृत पुराने टर्मिनल भवन (टी-1) का लोकार्पण 24 मार्च को किया जाएगा. इस अवसर पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे. नए टर्मिनल के शुरू होने के बाद एयरपोर्ट की कुल क्षमता बढ़कर सालाना 50 लाख यात्रियों तक पहुंच जाएगी. इससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और एयरपोर्ट पर बढ़ते दबाव को कम करने में मदद मिलेगी. इंदौर सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि एयरपोर्ट का तेजी से विकास हो रहा है. उन्होंने केंद्र सरकार के सहयोग को इसका प्रमुख कारण बताया, जिससे यात्रियों को आधुनिक और बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं.

# जल संवर्धन योजना के नाम पर सिर्फ फोटो सेशन

**▸ यह योजना जमीनी हकीकत से कोसों दूर : ज्ञान सिंह**

**सीधी, 20 मार्च. जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जल संवर्धन योजना पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि यह योजना जमीनी हकीकत से कोसों दूर केवल दिखावे और फोटो सेशन तक सीमित रह गई है.**

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के विधायक, सांसद और जनप्रतिनिधि हाथों में फावड़ा और कुदाल लेकर सिर्फ कैमरों के सामने सक्रिय नजर आते हैं, जबकि वास्तविकता में जल संरक्षण के नाम पर कोई ठोस कार्य दिखाई नहीं देता। ज्ञान सिंह ने कहा



कि कागजों और प्रचार में यह योजना भले ही आकर्षक दिखाई देती हो, लेकिन यदि पिछले वर्षों में किए गए कार्यों की निष्पक्ष समीक्षा की जाए तो जिले में एक भी ऐसा उदाहरण सामने नहीं आता, जहां किसी तालाब, नदी, स्टॉप डैम या जलाशय का वास्तविक कायाकल्प हुआ हो.

> भाजपा पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि जल संवर्धन के नाम पर करोड़ों रुपये के गोलमाल की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि योजनाएं केवल कागजों में सीमित हैं और धरातल पर उनका कोई अस्तित्व नहीं है। योजना अच्छी है, लेकिन दिखावे से नहीं बल्कि ईमानदार और सार्थक प्रयासों से ही इसे सफल बनाया जा सकता है, जिसकी स्पष्ट कमी भाजपा के जनप्रतिनिधियों में दिखाई दे रही है, जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने जिले में गहराते पेयजल संकट को लेकर भी भाजपा सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को कठघरे में खड़ा किया.

# मोनालिसा केस में पिता के बयान दर्ज



**▸ नाबालिग बताकर बेटी को छुड़ाने की मांग**

**मंडलेश्वर, 20 मार्च. मोनालिसा प्रकरण में 17 मार्च को दिए गए आवेदन के आधार पर 20 मार्च को एसडीओपी कार्यालय में पिता जय सिंह भोंसले के बयान दर्ज किए गए.**

दोपहर करीब 12 बजे परिवार और समाज के लोग कार्यालय पहुंचे, जहां पूरे मामले को लेकर विस्तृत बयान लिए गए। बयान के दौरान पिता ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी नाबालिग है और उसे बहला-फुसलाकर केरल ले जाया गया, जहां फरहान खान ने धोखे से शादी कर ली। उन्होंने कहा कि उन्हें भी मारपीट कर वहां से भगा दिया गया.

# प्रेम में फंसाकर युवती से 17 .79 लाख ऐंठे

**जबलपुर, 20 मार्च. तिलहरी निवासी एक युवती के साथ में काम करने वाले युवक ने पहले तो प्रेम जाल में फंसाया इसके बाद सालों उसकी आबरू लूटी और धीरे - धीरे 17 लाख 79 हजार रूपये ऐंठ लिए। जब युवती ने पैसे वापिस मांगे तो वे मुकर गया.**

जिसके बाद पीड़िता महिला थाने पहुची और पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक साकार नगर, तिलहरी, निवासी युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पहचान दिनेश सिंह चौहान पिता विजय सिंह चौहान निवासी जसूजा सिटी, धनवंतरी नगर से



लगभग 5 वर्ष पूर्व 2021 में एक कंपनी में कार्य किए हुई थी। दिनेश सिंह चौहान भी इसी कंपनी में कार्य करता था। जिसने उसे प्रेम जाल में फंसाया और स्वयं को अविवाहित बताया था। दिनेश सिंह चौहान ने शादी करने का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया और उसके बाद शादी करने का भरोसा दिलाकर लगातार शारीरिक संबंध बनाता था।

> **उज्जैन, बांधवगढ़, छतरपुर, दिल्ली ले जाकर भी लूटी आबरू**
>
> पीड़िता के मुताबिक आरोपी उसे घुमाने के बहाने उज्जैन, बांधवगढ़, छतरपुर, दिल्ली पर ले जाकर होटलों में भी शारीरिक संबंध बनाया और इसी दौरान अलग अलग दिनांक में धीरे धीरे करके 17 लाख 79 हजार रूपये ले लिया और विश्वास दिलाता रहा कि जल्द पैसे वापस कर दूंगा। इसके बाद 11 जून 2025 में दिनेश चौहान उसे अपने साथ बांधवगढ़ वाईल्ड हेवन रिसोर्ट ले गया और 2 दिन वहां रूककर साथ शारीरिक संबंध बनाया और वहां से वापस आने के बाद 8 जुलाई 25 को 50 हजार रूपये लिया.

### सरकारी विभागों पर 62 करोड़ रुपए बकाया

**रीव, 20 मार्च.** रीवा में बिजली विभाग के सामने राजस्व वसूली बड़ी चुनौती बन गई है। एक ओर जहां आम उपभोक्ताओं पर सख्ती करते हुए कनेक्शन काटे जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शासकीय विभाग ही 62 करोड़ रुपये से अधिक का बिजली बिल दबाए बैठे हैं। जानकारी के अनुसार, सबसे ज्यादा बकाया पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर 40.38 करोड़ रुपये है। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग पर 6.41 करोड़, स्कूल शिक्षा विभाग पर 4.01 करोड़, नगरीय विकास एवं आवास विभाग पर 3.66 करोड़ और जल संसाधन विभाग पर 3.44 करोड़ रुपये बकाया है। अन्य विभागों में भी लाखों रुपये की देनदारी लंबित है.

# 'कोटि सूर्योपासना' कार्यक्रम का आयोजन

## नागरिकों ने देश की समृद्धि तथा जनकल्याण की कामनाएं : रीती पाठक

**सीधी, 20 मार्च. नव संवत्सर, विक्रम संवत 2083 के आरंभ के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय सीधी स्थित मानस भवन में 'विक्रमोत्सव-2026' के अंतर्गत 'कोटि सूर्योपासना' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्म ध्वज की स्थापना के साथ हुआ, जिसमें सम्मिलित होते हुए विधायक सीधी रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने प्रदेश एवं देश की समृद्धि तथा जनकल्याण की मंगलकामनाएं कीं. इस अवसर पर भोपाल स्थित रवींद्र भवन में



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय 'विक्रमोत्सव-2026' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा एवं सुना गया. प्रसारण के माध्यम से उपस्थित जनों ने 'कोटि सूर्योपासना' एवं सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाट्य मंचन का आनंद लिया, जिससे कार्यक्रम का उत्साह और अधिक बढ़ गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रीती पाठक ने कहा कि भारतीय नव वर्ष केवल तिथि परिवर्तन नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति और नवचेतना का उत्सव है.

# 2 दिवसीय राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड सत्र का आयोजन

**ग्वालियर, 20 मार्च. शासकीय बा.उ.मा.वि. शिक्षा नगर तानसेन रोड पर 22 व 23 मार्च को दो दिवसीय राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड सत्र का आयोजन किया जाएगा.**

इस आयोजन में प्रदेशभर के कक्षा 2 से 5 तक के अंग्रेजी विषय के टॉपर छात्र, शिक्षक, पालक एवं एपीसी अकादमिक उपस्थित रहेंगे. 23 मार्च को आयोजित समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के मंत्री उदय प्रताप उपस्थित रहेंगे. राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार 22 मार्च से दो दिवसीय राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड सत्र का आयोजन किया जाएगा. इस आयोजन में




प्रदेश के अंग्रेजी विषय के 208 टॉपर छात्र, उनके 208 मागदर्शी शिक्षक एवं 208 पालक शामिल होंगे. सत्र में अंग्रेजी विषय की लिखित परीक्षा एवं शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित होंगी. साथ ही उसी दिन शाम को 5 बजे परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जाएगा. 23 मार्च को दोपहर 3 बजे समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा.

### भिंड ग्वालियर हाईवे पर दो बड़े सड़क हादसे, ट्रैक्टर दो हिस्सों में टूटा

**ग्वालियर.** भिंड ग्वालियर हाईवे पर आज दो बड़े सड़क हादसे हुए. मेहगांव के पास सड़क हादसे में यात्री बस से टकराकर एक नया ट्रेक्टर दो हिस्सों में टूट गया. हालांकि हादसे में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है. ग्वालियर भिंड मार्ग पर ही कलेक्टर ऑफिस के पास एक और गंभीर सड़क हादसा हुआ. सड़क पर खड़े आवारा पशुओं से तेज रफ्तार बाइक टकरा गई. बताया जा रहा है कि युवक सामने खड़े मवेशियों को समय पर देख नहीं पाया और सीधी टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क पर दूर तक घसीटता चला गया. हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है.

# एडवोकेट चेंबर मामले में सरकार ने पेश किया जवाब

**जबलपुर, 20 मार्च. मप्र हाईकोर्ट के गेट नंबर-4 के सामने एडवोकेट चेंबर और मल्टी लेवल पार्किंग प्रोजेक्ट के लिए बजट स्वीकृति हो चुकी थी। अब मामला प्रशासकीय स्वीकृति के लिए लंबित है। राज्य शासन की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने हाईकोर्ट में यह जवाब पेश किया.**

जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ 21 अप्रैल को अगली सुनवाई निर्धारित की है। मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि इस मामले में मूल याचिकाकर्ता के अलावा अन्य अधिवक्ता संघ भी



इंटरवीनर बने हैं। दरअसल बार एसोसिएशन भवन का शिलान्यास 4 मई, 2025 को हुआ था.

हाईकोर्ट के गेट नंबर-चार के सामने करीब 117 करोड़ रुपये से आधुनिक लायर्स चेम्बर और बहुस्तरीय पार्किंग बनना है। इसका भूमि पूजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेके माहेश्वरी, जस्टिस एसी शर्मा, जस्टिस सूर्यकांत शर्मा और तत्कालीन चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत की मौजूदगी में हुआ था.

> **लंदन निवासी डॉक्टर को हाईकोर्ट से राहत**
>
> **जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में कहा कि दो वर्षों तक लगातार शारीरिक संबंध रहे, तो यह स्पष्ट है कि आवेदक और पीड़िता के बीच का संबंध पूरी तरह से सहमति पर आधारित था। यदि आवेदक ने पीड़िता से शादी का वादा किया था और उसे नहीं निभाया था तो पीड़िता का स्वाभाविक व्यवहार यह होता कि वह उसके साथ शारीरिक संबंध बनाना बंद कर देती। हालाँकि, उसने दो वर्षों तक ऐसा नहीं किया। पीड़िता के इस व्यवहार से यह निष्कर्ष निकलता है कि वह आवेदक के साथ अपने शारीरिक संबंध में हमेशा से ही सहमति से शामिल थी.

# 4 .43 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर, 20 मार्च. चंदननगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 4.43 लाख रुपए कीमत की 43 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की गई.**

थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि आईटी पार्क गेट, धार रोड क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर घेराबंदी की गई. इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे टीम ने पकड़ लिया. तलाशी लेने पर उसके पास से 43 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब




4 लाख 43 हजार रुपए बताई जा रही है. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहसीन पठान उम्र 30 साल निवासी खजराना बताया. उसने कबूल किया कि वह बाहर से सस्ते दामों में मादक पदार्थ लाकर शहर में महंगे दामों पर बेचता था.

**जनसैलाब** ▸ मां शारदा धाम में उमड़ा जनसैलाब, 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

# चैत्र नवरात्रि के पहले दिन लाखों श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे

**सतना, 20 मार्च. चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर मां शारदा देवी मंदिर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। गुरुवार तड़के 3 बजे जैसे ही मंदिर के पट खुले, पूरा परिसर 'जय माता दी' के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं.**

पहले ही दिन 1 लाख से अधिक भक्तों ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के प्रधान पुजारी पवन दाऊ महाराज ने सुबह 4 बजे मां की पहली विशेष आरती संपन्न कराई.




### नौ दिनों तक माता के नौ अलग-अलग रूपों की पूजा

नवरात्रि के पहले दिन माता के शैलपुत्री स्वरूप की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पुजारी के अनुसार, अगले नौ दिनों तक माता के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा का क्रम जारी रहेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सीढ़ी, रोपवे और वाहन मार्ग से दर्शन की व्यवस्था की गई है। आंकड़ों के अनुसार, शाम 6 बजे तक सीढ़ियों से 72,010, रोपवे से 4,500 और वाहन मार्ग से 1,050 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए.

# जल स्रोतों की सफाई करें : रामनिवास शाह

**▸ ढोटी तालाब की सफाई अभियान की शुरुआत**

**▸ विधायक ने श्रमदान कर दिया संदेश**

**सिंगरौली, 20 मार्च. रामनिवास शाह ने जल संरक्षण और पर्यावरण बचाने के उद्देश्य से 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का शुभारंभ किया. इस दौरान उन्होंने नगरीय क्षेत्र के ढोटी तालाब में श्रमदान कर सफाई अभियान की शुरुआत की.**

इस मौके पर नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, अरविंद द्विवेदी, डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस सहित जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे.




### साफ-सफाई कर अभियान को गति

सभी ने मिलकर तालाब की साफ-सफाई कर अभियान को गति दी.विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि 'जल ही जीवन है' और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण बेहद जरूरी है. उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास के कुओं, तालाबों और अन्य जल स्रोतों की नियमित साफ-सफाई करें .नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण, गहरीकरण और नए जल ढांचे विकसित करना है. उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है. कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए.